जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय,
कोटा

राष्ट्रीय सेवा योजना

# वार्षिक प्रतिवेदन
2017–18


डॉ. श्रीमती जयश्री डावरे
प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना
जा.दे.ब. राज. कन्या महाविद्यालय, कोटा

डॉ. रीटा गुलाटी
प्राचार्य एवं संरक्षक
जा.दे.ब. राज. कन्या महाविद्यालय, कोटा

# नियमित गतिविधियाँ

## जुलाई, 2017

### 1. रजिस्ट्रेशन

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई में 100 स्वयंसेविकाओं का पंजीकरण किया गया।

### 2. वृक्षारोपण कार्यक्रम 15 जुलाई, 2017

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा **दिनांक 15.07.2017** को **वृक्षारोपण के साथ ''हरियाली लाओ–पेड़ लगाओ'' अभियान** का शुभारम्भ किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रीटा गुलाटी, रा. से. यो. अधिकारी डॉ श्रीमती जयश्री डावरे, व्याख्यातागण राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं एवं छात्रसंघ पदाधिकारियों ने भी पौधे लगाए। प्राचार्य डॉ. रीटा गुलाटी ने छात्राओं को पौधों की रक्षा करने तथा सार–संभाल करने की शपथ दिलाई। महाविद्यालय परिसर में आवला, केसिया, नीम, तथा शीशम के 20–20 पौधे लगाए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती जयश्री डावरे ने छात्राओं को वृक्षों के महत्व को बताया। यह अभियान सप्ताह भर चला। आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान के निर्देशानुसार पौधों की सार–संभाल करने वाली स्वयंसेवको को "पर्यावरण मित्र" नामक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।





### 3. स्वच्छता पखवाड़ा 01–15 अगस्त, 2017

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में दिनांक 01.08.2017 से 15.08.2017 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करवायी गईं। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए उपमहापौर, श्रीमती सुनिता व्यास ने छात्राओं को स्वच्छता के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए यह संदेश दिया कि स्वच्छ रहोगे तो स्वस्थ रहोगे, प्रसन्न रहोगे। साथ ही उन्होनें यह भी कहा कि प्रकृति को स्वच्छ रखना ही ईश्वर की पूजा के समान है। कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती प्रेमजीत सूरी द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उन्होनें छात्राओं को स्वच्छता कार्यक्रम को मिशन के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। दूसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई की। कक्षाओं में फर्नीचर को व्यवस्थित किया। पुस्तकालय, सभागार, बास्केटबॉल कोर्ट, खेल मैदान, झाँसी की रानी प्रतिमा आदि की सफाई की। इसके पश्चात्

महाविद्यालय परिसर के बाहर महाराव भीमसिंह प्रतिमा परिसर एवं शहीद स्मारक में भी सफाई अभियान चलाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता पखवाडे के अन्तर्गत गोद ली गई बस्तीयों में रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसी दौरान बस्ती– दोस्तपुरा, नयापुरा, कोटा एवं नन्दा की बाड़ी बस्ती में स्वच्छता कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार किया। छात्राओं ने घर–घर जाकर स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया एवं प्रचार सामग्री वितरित की। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री डावरे ने छात्राओं को मार्गदर्शन कर सहयोग दिया।




**4. <u>अभिविन्यास कार्यक्रम</u> <u>17—19 अगस्त, 2017</u>**

दिनांक 17 से 19 तक महाविद्यालय में पंजीकृत स्वयंसेविकाओं को एन.एस.एस के बारे में जानकारी देने हेतु ओरियन्टेशन कार्यक्रम करवाया गया। प्रथम दिन स्वयंसेविकओं को पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम जयसवाल ने छात्राओं को एन.एस.एस के उद्देश्य एवं महत्व से अवगत कराया, उन्होने बताया कि किस प्रकार इस योजना के माध्यम से एक छात्रा समाज में योगदान दे सकती है। दूसरे दिन श्रीमती सपना अग्रवाल, अभिप्रेरक ने छात्राओं को अपने व्यंतित्व को निखारने आत्मविश्वास को बढ़ाने एवं सप्रेषण कौशल को प्रभावी बनाने हेतु छात्राओं का मार्गदर्शन किया। तीसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री डावरे ने छात्राओं को वर्षपर्यन्त होने वाली गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया एवं एनएसएस प्रतिभागी होने का महत्व समझाया। छात्राओं ने श्रमदान किया।

छात्राओं ने महाविद्यालय में घूम–घूम कर छात्राओं व कर्मचारियों को भी स्वच्छता बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने अपने महाविद्यालय, घर तथा शहर को स्वच्छ व साफ–सुथरा रखने की शपथ ली।




## 5. <u>वृक्षारोपण</u> <u>21 अगस्त 2017</u>

वन विभाग एवं जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 21.08.2017 को हैंगिंग ब्रीज के आस–पास वाले क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। स्वयंसेविकाओं ने नीम, आंवला, शीशम, पीपल, बरगद, जामुन आदि के पौधे रोपित किये और कोटा शहर को हरा–भरा बनाने का संकल्प लिया।






## 6. निबन्ध एवं फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता 5 सितम्बर 2017

जा.दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में दिनांक 05.09.2017 को निबन्ध एवं फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निबन्ध का शीर्षक ''मैं स्वच्छता के लिए क्या करुगीं'' रखा गया जिसमें एन.एस.एस. इकाई की 25 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया जिसमें से **सुरभि शर्मा** का निबन्ध आयुक्तालय द्वारा चयनित होने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर प्रेषित किया गया। फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता में किसी भी स्वयंसेविका ने भाग नहीं लिया।

## 7. स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम हेतु श्रमदान 22 सितम्बर, 2017

जा.दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में दिनांक 22.09.2017 को एन.एस.एस. की इकाई द्वारा ''स्वच्छता ही सेवा है'' कार्यक्रम की शुरूआत एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं के द्वारा श्रमदान से की गई इस हेतु उक्त दिनांक को स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय में स्थित सभागार, पुस्तकालय, कक्षा–कक्ष, प्रयोगशाला, खेल मैदान, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई की मूर्ति आदि जगहो पर श्रमदान किया गया। छात्राओं ने पांच–पांच के समूह में बटकर महाविद्यालय परिसर की सफाई की एवं सभी को कचरा न फैलाने, महाविद्यालय परिसर में न थूकने तथा गन्दगी न फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रीटा गुलाटी ने भी छात्राओं को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया एवं ''स्वच्छता ही सेवा है'' के बारे में छात्राओं को समझाया।








**8. मानव स्वास्थ्य में हाथ धोने की महत्ता विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता 23 सितम्बर,17**

उक्त दिनांक को जा.दे.ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं हेतु ''मानव स्वास्थ्य में हाथ धोने की महत्ता'' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिससे की छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। उक्त निबन्ध प्रतियोगिता के परिणाम निम्न प्रकार से रहे।

| क्र.सं. | छात्रा का नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1 | प्रिया रावत् | प्रथम |
| 2. | प्राची अगरवाल | द्वितीय |
| 3. | स्नेहा सक्सेना | तृतीय |

23.09.17 को ही एन.एस.एस. दिवस के बारे में (24.09.17 को रविवार होने के कारण) छात्राओं के ज्ञानवर्धन हेतु जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा की पूर्व एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. श्रीमती पूनम जायसवाल का व्याख्यान रखा गया। जिसमें एन.एस.एस. के विविध पहलुओं से स्वयंसेविकाओं को परिचित कराया गया।




**9. स्वच्छ भारत मिशन पोस्टर प्रतियोगिता 27 सितम्बर, 2017**

उक्त दिनांक को महाविद्यालय की एन.एस.एस. की इकाई के मध्य स्वच्छ भारत मिशन शीर्षक पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें की छात्राओं ने बढ़–चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें प्रिया रावत् प्रथम तथा सुरभि विश्नोई द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं को पुरस्कृत भी किया गया।





## 10. स्वच्छ गाँधी जयंती ''स्वच्छता के संबंध में शपथ'' 02 अक्टुबर, 2017

उक्त दिनांक को जा.दे.ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में गाँधी जयंती को स्वच्छ गाँधी जयंती के रूप में मनाया गया। एन.एस.एस. की इकाई की स्वयंसेविकाओं एवं महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने अपने आस–पास के वातावरण एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। साथ ही अपने निवास स्थान के आस–पास रह रहे लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रीटा गुलाटी ने '''स्वच्छता के संबंध में शपथ'' दिलाते हुए स्वच्छता ही सेवा है मिशन हेतु छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को प्रेरित किया। एन.एस.एस. की प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रीमती जयश्री डावरे ने स्वयंसेविकाओं को गाँधीजी के स्वच्छता के संबंध में जो विजन था उससे अवगत कराया गया।






## 11. स्वच्छता के संबंध में जागरूकता रैली 04 अक्टुबर, 2017

दिनांक 04.10.2017 को एन.एस.एस. की इकाई द्वारा गोद ली गई बस्ती संजय नगर में स्वयंसेविकाओं को ले जाया गया एवं हाथों में विभिन्न प्रकार की स्वच्छता संबंधी तख्तीयाँ लेकर एक रैली का आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्थानीय निवासियों को स्वच्छता संबंधी पर्चे वितरित किये गये एवं उन्हें ''स्वच्छता ही सेवा है'' के प्रति जागरूक किया गया।





**12. वृक्षारोपण 06, अक्टुबर, 2017**

दिनांक 06.10.2017 को महाविद्यालय में एन.एस.एस. की इकाई द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सप्तपर्णी, आँवला, अशोक, जामुन, शीशम, आदि के वृक्षों को स्वयंसेविकाओं द्वारा रोपित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रीटा गुलाटी द्वारा स्वयंसेविकाओं को लगाये गये वृक्षों की देखभाल करने एवं समय–समय पर पानी देने का संकल्प दिलाया गया।





**13. <u>सलाहकार समिति की बैठक</u> <u>9 नवम्बर, 2017</u>**

महाविद्यालय में एनएसएस की वर्षपर्यन्त चलने वाली गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन हेतु दिनांक 9.11.17 को प्राचार्य व अध्यक्ष डॉ. रीटा गुलाटी की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें दिनेश तिवारी, सहायक निदेशक, क्षेत्रिय कार्यालय, कोटा तथा श्रीमती प्रेमजीत सूरी, डीन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री डावरे, सहायक लेखाधिकारी श्री जयसिंह मीणा उपस्थित रहे। बैठक में सत्र 2017–18 में आयोजित होने वाली गतिविधियाँ, एक दिवसीय शिविरों एवं सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन पर चर्चा की।

**14. <u>कौशल विकास</u> <u>14 – 16 नवम्बर, 2017</u>**

महाविद्यालय में दिनांक 14.11.17 से 16.11.17 तक तीन दिवसीय कौशल विकास शिविर आयोजित करवाया गया। प्रथम दिन निगम महिला एरिया लेवल की अध्यक्ष शमशीर आलम ने स्वयंसेविकाओं को ''बेस्ट ऑफ वेस्ट'' के तहत प्लास्टिक बोतल से फूलदान बनाना एवं एक्सरे प्लेट एवं पुरानी ऊन के टुकड़ों से गुलदस्ता बनाना सिखाया। दूसरे दिन श्रीमती सिमरन सोधी ने छात्राओं को आकर्षित एवं रंगीन मोमबत्तियाँ बनाने का प्रशिक्षण दिया। तीसरे दिन श्रीमती शमशीर आलम ने घरों में पुरानी चूडियाँ एवं कंगन को रंगीन रेशमी धागों से लपेटकर सुंदर एवं आकर्षित बनाने का प्रशिक्षण दिया। छात्राओं ने बड़े उत्साह से इस कार्यक्रम में भाग लिया। वरिष्ठ व्याख्याताओं ने कंगन खरीदकर छात्राओं की हौसला अफजाई की।





**15. बेटी बचाओ – बेटी पढाओ** **<u>17 नवम्बर, 2017</u>**

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मेडीकल हैल्थ डिपार्टमेन्ट की ओर से बेटी बचाओ अभियान के तहत "डॉटर्स आर प्रिशियस" जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमएचओ ने स्वयंसेविकाओं को बेटी बचाओं का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभाग के ट्रेनर्स ने पावर प्वॉइट प्रजेटेशन के माध्यम से पीसीपीएनडीटी एक्ट, मुखबिर स्कीम, बधाई संदेश आदि के बारे में बताया।






कार्यक्रम में तीनों महाविद्यालयों के प्राचार्य डॉ. रीटा गुलाटी, डॉ. अनिता कोठारी, डॉ. सुषमा आहूजा उपस्थित रही और कार्यक्रम के अन्त में आयोजित की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजयी रही छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

**16. <u>कौमी एकता सप्ताह</u>** **<u>19 – 25 नवम्बर, 2017</u>**

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में दिनांक 19 से 25 नबम्वर तक कौमी एकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत साम्प्रदायिक दंगो से अनाथ हुए बच्चों को आर्थिक सहायता देने हेतु धनराशि एकत्रित की गई एवं सप्ताह भर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाये गये। दिनांक 20.11.17 को पोस्टर प्रतियोगिता का






आयोजन किया गया। जिसमें झंडा दिवस को दर्शाया गया है। दिनांक 21.11.17 को स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 23.11.17 को जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया तथा रैली निकाली गई। दिनांक 24.11.17 को व्याख्यानमाला में श्री शशि प्रकाश जी ने कौमी एकता पर व्याख्यान दिया। दिनांक 25.11.17 को झण्डा दिवस पर छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

**17. संविधान दिवस 25 नवम्बर, 2017**

दिनांक 25.11.17 को महाविद्यालय की एनएसएस इकाई व मानवाधिकार समिति के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। यह कार्यक्रम युवा उन्नयन के तहत् आयोजित करवाया गया था। मुख्य अतिथि यू.आई.टी चैयरमैन रामकुमार महेता ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होनें छात्राओं को संविधान का महत्व बताते हुए कहा कि हमें अपने मौलिक अधिकारों के साथ–साथ मूल कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। संविधान बनाने के पीछे की धारणा एवं स्वतंत्र सैनानियों के






बलिदान के बारे में स्वयंसेविकाओं को अवगत करवाया। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शपथ दिलाई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रीटा गुलाटी ने उपस्थित अधिकारियों, छात्राओं एवं कर्मचारियों को संविधान की गरिमा अक्षुण्ण बनाये रखने एवं पालन करने को प्रेरित किया।

**18. स्वच्छता सप्ताह 8 से 13 दिसम्बर, 2017**

दिनांक 8 से 13 दिसम्बर तक महाविद्यालय में स्वच्छता सप्ताह मनाया गया। तीनों कॉलेज और रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ की ओर से स्वच्छता को लेकर कार्यक्रम रखा गया। मुख्य वक्ता रोटरी क्लब के सचिव






पंकज चतुर्वेदी ने स्टूडेंट्स को स्वच्छता के महत्व बताए। उन्होने कहा कि हमें शहरवासियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित कर शहर को साफ–सुथरा रखना चाहिए। स्काउट मंउल सचिव यज्ञ दत्त हाडा ने भी

स्वच्छता से होने वाले फायदे गिनाए। कार्यक्रम में क्लब की ओर से कॉलेज के लिए डस्टबिन भी उपलब्ध करवाएं। सप्ताह के दूसरे दिन स्वयंसेवियकाओं ने महाविद्यालय परिसर ने श्रमदान किया। तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने उनके द्वारा लगाये पौधो को पानी दिया एवं उनके आप पास सफाई की।

**19. <u>युवा सप्ताह</u>    <u>12 से 19 जनवरी, 2017</u>**

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा, कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अन्तर्गत 12.1.2018 को एल.बी.एस. कॉलेज में आयोजित स्वामी विवेकानन्द जयन्ती कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं एवं कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सांसद श्री ओम बिरला ने स्वामी जी के व्यक्तित्व  पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया। स्वामी जी की जीवनी पर आधारित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता (संभाग स्तरीय) में भाग लेने वाली स्वयं सेविकाओं को कलेक्टर द्वारा प्रमाण पत्र दिये गये। इस युवा सप्ताह के अगले दिन महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती पर उनकी जीवन एवं दर्शन पर नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. आर.एस.साहनी एवं सचिव स्काउट मंडल यज्ञदत्त हाड़ा उपस्थित रहे।





दिनांक 13.1.2018 को महाविद्यालय में नशा मुक्ति पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य वक्ता श्री आर.एस.साहनी ने छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों पर चर्चा की। श्री यज्ञ दत्त हाडा ने स्वामी जी के जीवनी के बारे में परिचय देते हुए छात्राओं से स्वामीजी के बतायें हुए पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया ।

कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं एवं छात्राओं के मध्य खुली परिचर्चा रखी गई। जिसमें छात्राओं ने अपनी परिवार वालो एवं स्वयं से नशे की लत एवं उससे जुडी समस्याओं के बारे में चर्चा की।

इसी के अन्तर्गत मनोवैज्ञानिक डॉ. रश्मि सनाढ्य ने छात्राओं को संबोधित किया। उन्होने आज के युवाओं में पाई जाने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा की। उन्होने  यह बताया की आज के युवाओं में आत्मविश्वास की कमी, दिशा हीन, एवं कुठीत होने के कारण अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। जिससे देश को युवा भ्रमित हो रहा हैं।






## 20. सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक 23 मार्च, 2018

महाविद्यालय में एनएसएस की वर्षपर्यन्त चलने वाली गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन हेतु दिनांक 23 मार्च, 2018 को कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती प्रेमजीत सूरी की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें श्री दिनेश तिवारी, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कोटा एवं वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. मधु खन्ना, रा.से.यो. प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे एवं सहायक लेखाधिकरी श्री जय सिंह मीणा उपस्थित रहे। बैठक में सत्र 2017—18 में आयोजित की गई गतिविधियाँ, एक दिवसीय शिविरों एवं सात दिवसीय विशेष शिविर के आयोजन पर समीक्षा की। पी एफ एम एस द्वारा ऑनलाईन भुगतान में आने वाली समस्याओं के निराकरण पर भी चर्चा की गई।

# एक दिवसीय शिविर

1. **प्रथम एक दिवसीय शिविर**

दिनांक 25.9.2017 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में महान देशभक्त मानवता प्रेमी पण्डित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती के उपल़क्ष मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

जानकी देबी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा, राजकीय कला कन्या महाविद्यालय, कोटा एवं राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयो के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जे.डी.बी प्राचार्य डॉ. रीटा गुलाटी ने किया। राज. कला कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजूला त्यागी ने स्वयं रक्त दान कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

तीनों महाविद्यालयों विज्ञान ,कला, वाणिज्य की राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों, संकाय सदस्यों, मंत्रालयिक कर्मचारियों व छात्राओं के साथ साथ उनके परिवारजनों ने भी पूर्ण उत्साह के साथ रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में लायन्स क्लब दक्षिण के सदस्यों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

इस प्रकार कुल 55 यूनिट रक्त एकत्रित कर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। शिविर में रक्तदाताओं को महाविद्यालय की प्राचार्य तथा ब्लडबैंक की ओर से प्रमाण पत्र दिये गये।

कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य डॉ रीटा गुलाटी ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों ,ब्लड बैंक स्टाफ तथा महाविद्यालय परिवार के सदस्यों को शिविर को सफल बनाने में योगदान देने पर आभार व्यक्त किया । प्रतियोगिता में विजेता रही एवं पुरस्कृत हुई स्वयंसेविकाओं की सूची

| क्रम सं | छात्रा का नाम | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|
| 1 | प्रिया रावत | प्रथम |
| 2 | शुचि चर्तुवेदी | द्वितीय |
| 3 | अंजली राठौर | तृतीय |





## 2. द्वतीय एक दिवसीय शिविर

दिनांक 22.11.2017 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में भारत सरकार की संकल्पना **एक भारत श्रेष्ठ भारत** पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रीटा गुलाटी ने की तथा जनप्रतिनिधि श्री विनोद नायक विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नेहरू युवा केंन्द्र के प्रभारी श्री महेन्द्र कुमार सिसोदिया ने बताया कि एक भारत श्रेष्ट भारत की संकल्पना मे ना सिर्फ एक राज्य दूसरे राज्य से जुडा है परन्तु गॉवों को भी सरकार से सीघे जोडने के लिए प्रतिबद्ध है । ''कोशिश'' एन जी ओ के प्रोजेक्ट निदेशक श्री प्रकाश शर्मा ने अपने व्याख्यान द्वारा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

राजस्थान और असम दोनों राज्यों की संस्कृति को दर्शातें हुए महाविद्यालय की छात्रा सुश्री प्रिती सिंह ने आसामी नृत्य व मोहिता जैन एवं समूह ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया साथ ही असम राज्य की भाषा, वेशभूषा, संस्कृति आदि पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया जिसमें विजेता रही एवं पुरस्कृत हुई स्वयंसेविकाओं की सूची निम्न प्रकार हैं

| क्रम स | नाम | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|
| 1 | दुर्गेश नन्दनी | प्रथम |
| 2 | मीनाक्षी कुमारी | द्वितीय |
| 3 | सुनीता विश्नोई | तृतीय |






## 3. तृतीय एक दिवसीय शिविर

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिनांक 15.2.2018 को सडक सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।
मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए यातायात पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने बताया कि इतनी मौतें विश्व युद्ध में नहीं हुई जितनी भारत में सड़क दुर्घटनाओं से हुई है। उन्होंने छात्राओं को यातायात के नियमों के न केवल जानकारी प्रदान की वरन् विभिन्न रोचक उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को हेलमेट पहनने आदि के पालन के लिए प्रेरित किया। यातायात पुलिस के कॉन्स्टेबल नन्द किशोर मीणा ने विभिन्न यातायात संकेतकों से छात्राओं को अवगत कराया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जयश्री डावरे ने छात्राओं से आहवान किया की वह नियमों से न केवल स्वयं जागरूक रहे वरन् अपने आसपास के नागरिकों को भी

सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। सड़क सुरक्षा पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करवायी गई जिसमें विजेता रही एवं पुरस्कृत हुई स्वयंसेविकाओं की सूची निम्न प्रकार है

| क्रम सं | नाम | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|
| 1 | मीनाक्षी कुमारी | प्रथम |
| 2 | भावना | द्वितीय |
| 3 | अंतिमा | तृतीय |







## सात दिवसीय शिविर

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दिनांक 20.12.2017 से 26.12.2.17 तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का पुरस्कार वितरण के साथ समापन किया गया। इस वर्ष शिविर की थीम राष्ट्रबोध रखी गई थी । शिविर के दौरान राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुषमा आहुजा ने भारत के गौरवशाली अतीत पर व्याख्यान दिया। भारत में प्रचलित विभिन्न कुरितियों पर डॉ शशि प्रकाश ने तथा भारत की विभिन्नता में एकता विषय पर श्रीमान यज्ञ दत्त हाडा ने चर्चा की। इसी क्रम में डॉ ज्योति सिडाना ने युवाओं में घटते नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला ।

शिविर के दौरान एन.एस.एस इकाई द्वारा गोद ली गई बस्ती में जाकर बस्तीवासियों को स्वयं की स्वच्छता, हाथ धोने को सही तरीका, कचरे का निवारण, पालीथिन के दुष्प्रभाव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

डॉ जितेन्द्र कुंमार वर्मा ने कम्प्यूटर संबंधित जानकारी Hello app, Dishari app,स्वच्छता app के सम्बन्ध में मूलभूत जानकारी व प्रषिक्षण दिया। डॉ अनुज विलियम ने चुनाव में मतदान के लिए नई तकनीक पर आधारित वीं.वी पेट मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी दी ।

शिविर में छात्राओं ने मेंहदी, कुकिंग, केश सज्जा, ब्यूटिषियन, प्रषिक्षण, बेस्ट आउट आफ द वेस्ट, राष्ट्रबोध विषय पर पोस्टर, अनेकता में एकता पर निबंध प्रतियोगिता में बढ चढकर भाग लिया। देश भक्ति गायन व नृत्य प्रतियागिता के साथ षिविर का समापन हुआ । समापन के अवसर पर सप्ताह पर्यन्त प्रतियागिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर छात्राओं का उत्साह बढाया।अन्त में कार्यक्रम अधिकारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया ।

विस्तृत विवरण अलग से संलग्न है।

Anita
प्राचार्य
जा. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा